दिन– शुक्रवार

दिनांक– 23 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. देश भर में आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी।

02. उच्चतम न्यायालय ने दूसरे न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू नहीं करने पर नाराजगी जताई। बिहार समेत अठारह राज्यों के मुख्य सचिवों को अगली सुनवाई में पेश होने का दिया आदेश।

03. साइबर अपराधियों ने गया शहर के एक चिकित्सक से चार करोड़ चालीस लाख रूपये ठगे। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन।

04. और, मौसम विभाग ने आज कैमूर, पूर्वी चम्पारण, बांका और पूर्णियां समेत आस–पास के ग्यारह जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।

---

देश भर में आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के इस वर्ष का विषय है, चंद्रमा का स्पर्श करते हुए जीवन के प्रति सजग होना : भारत की अंतरिक्ष गाथा। यह समाज और प्रौद्योगिकी पर अंतरिक्ष अन्वेषण के गहरे प्रभाव को रेखांकित करती है। इस अवसर पर राष्ट्रपति रोबोटिक्स चैलेंज और भारतीय अंतरिक्ष हैकथॉन के विजेताओं को सम्मानित भी करेंगी। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

इधर, राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कड़ी में आज केन्द्रीय संचार ब्यूरो, गया के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

---

उच्चतम न्यायालय ने दूसरे न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू नहीं करने पर नाराजगी जताई है। न्यायालय ने बिहार समेत अठारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को मामले की अगली सुनवाई में पेश होने का आदेश

दिया है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने न्यायिक अधिकारियों की पेंशन सहित अन्य सेवानिवृति संबंधी लाभ के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते अधिकारियों को सिफारिशें लागू करने में हो रही देरी के कारणों को बताने का आदेश भी दिया है। मामले की अगली सुनवाई सत्ताईस अगस्त को होनी है।

---

राज्य सरकार ने राज्य विधि आयोग की अवधि तीन वर्ष के लिए विस्तारित कर दी है। पटना उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश विनोद कुमार सिन्हा को अगले तीन वर्ष के लिए आयोग का अध्यक्ष नामित किया गया है। विधि विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। गौरतलब है कि राज्य विधि आयोग का कार्यकाल सात सितम्बर दो हजार इक्कीस को समाप्त हो गया था। आयोग का मुख्य कार्य आमजन को प्रभावित करने वाले कानूनों का परीक्षण करना और उसमें सुधार के उपाय बताना है।

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नई सरकार के गठन के पहले सौ दिन में ग्यारह लाख महिलाएं लखपति दीदी बन गई हैं। श्री चौहान ने नई दिल्ली में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में इन महिलाओं को प्रमाण पत्र सौंपेंगे। श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री ढाई हजार करोड़ रूपए का कोष स्वयं सहायता समूहों को भी जारी करेंगे।

---

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन से पहले कल नई दिल्ली में क्रिएट इन इंडिया चैलेंज–सीजन वन का शुभारंभ किया। श्री वैष्णव ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास और तकनीकी प्रगति को दर्शाते हुए पच्चीस महत्वपूर्ण क्षेत्रों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि मीडिया और मनोरंजन उद्योग का विकास होने से क्रिएटर इकनॉमी को काफी बढ़ावा मिला है।

———बाईट———

जैसे–जैसे टेक्नोलॉजी चेंज होती गयी है, वैसे मीडिया और इंटरटेनमेंट की दुनिया में बहुत बडा बदलाव आया है और यह बदलाव हाल ही के समय में इतना एक्सलरेट हुआ है कि एक टोटली नई क्रिएटर्स इकोनॉमी क्रिएट हुई है। क्रिएटर्स इकोनॉमी को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रिकॉग्नाइज किया और कुछ महीनों पहले पहला नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड भी उन्होंने दिया। इस इकोनॉमी में बहुत ही बडा एक पोटेंशियल है।

---

राज्य में सात हजार डाकिया घर–घर जाकर बच्चों का आधार कार्ड बनाएंगे। बिहार सर्किल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने बताया कि इसके लिए चयनित डाकियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य में फिलहाल दो हजार आठ सौ डाकिया घर–घर जाकर मोबाईल किट से बच्चों का आधार कार्ड बना रहे हैं। श्री कुमार ने बताया कि बिहार में पांच साल तक के दस लाख बच्चों का आधार कार्ड बनाने का लक्ष्य है।

---

प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में फिजियोथेरेपी से संबंधित उपचार के लिए मरीज अब सीधे फिजियोथेरेपी की पर्ची बनवा सकते हैं। बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला अस्पतालों में फिजियोथेरेपी से इलाज के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

---

साइबर अपराधियों ने गया शहर के एक चिकित्सक से चार करोड़ चालीस लाख रूपये ठग लिये। चिकित्सक द्वारा साइबर थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार अपराधियों ने फर्जी सीबीआई जांच और गिरफ्तारी का डर दिखाकर इकतीस जुलाई से पांच अगस्त के बीच एक सौ तेईस बैंक खातों में यह राशि ट्रांसफर कराई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जिन खातों में राशि ट्रांसफर हुई है, उसमें से साठ लाख रूपये रोक दिये गये हैं। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

---

पटना एम्स के मुख्य सुरक्षा अधिकारी पी.एन. राय पर अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की है। पटना, पश्चिमी के पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि खगौल थाना क्षेत्र के एम्स दीघा फ्लाईओवर के अंतिम छोर पर तीन की संख्या में आए अपराधियों ने पी. एन. राय के चार पहिया वाहन पर गोलीबारी की। हालांकि इस दौरान किसी को गोली नहीं लगी। श्री धीमान ने बताया कि मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने दानापुर विधायक रीतलाल यादव के भाई पिन्टू यादव पर गोलीबारी करवाने का आरोप लगाया

है। पिन्टू यादव ने सुरक्षा गार्ड की बहाली में अपने लोगों को भर्ती करने का दबाव बनाया था। एसपी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून की गतिविधि सामान्य बनी हुई है। कल देर रात राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, नवादा, बांका, जमुई, किशनगंज और पूर्णियां जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राज्य के दक्षिण–मध्य और पश्चिमी हिस्सों में एक–दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

---

प्रदेश में गंगा, सोन, गंडक, बूढ़ी गंडक और बागमती समेत सभी प्रमुख नदियां उफान पर है। गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना, भागलपुर और मुंगेर में लगातार बढ़ रहा है। पटना के दीघाघाट, गांधीघाट और हाथीदह तथा भागलपुर के कहलगांव में नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। वहीं, सोन नदी के जलस्तर में रोहतास के इन्द्रपुरी, भोजपुर के कोईलवर और पटना के मनेर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। घाघरा नदी सीवान के दरौली में लाल निशान से तीन सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। इधर, गंडक नदी मुजफ्फरपुर के रेवाघाट में और गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान को पार कर गई है। बूढ़ी गंडक नदी समस्तीपुर और खगड़िया में लगातार ऊफान पर है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। अन्य स्थानों पर भी नदी के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है।

---

भागलपुर में इस्माईलपुर–बिंदटोली तटबंध टूटने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। जल संसाधन विभाग के अभियंता प्रमुख मनोज कुमार रमन ने भागलपुर में विभागीय अधिकारियों के साथ इस संबंध में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने फलड फाइटिंग फोर्स के चेयरमैन गोपाल चंद्र मिश्र से भी रिंग बांध टूटने के कारणों की जानकारी ली।

---

पटना हाईकोर्ट ने उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कंप्यूटर विज्ञान के शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में दायर याचिका पर बीपीएससी और राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दायर करने का आदेश दिया है। न्यायाधीश अंजनी कुमार शरण की एकलपीठ ने टीआरई–वन परीक्षा के परिणाम और पूरक परिणाम रद्द करने संबंधी याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

---

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना का विस्तार किया है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव देवेश सेहरा ने बताया कि अब इस योजना के तहत यूपीएससी की भारतीय अभियंत्रण सेवा, भारतीय आर्थिक सेवा, एनडीए, सीएपीएफ, सीबीआई, बिहार न्यायिक सेवा, बैंकिंग और रेलवे समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को शामिल किया गया है।

---

नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए सक्षमता परीक्षा का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। यह परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जा रही है।

डाक विभाग बिहार सर्किल में दो हजार पांच सौ अंठावन पदों पर ग्रामीण डाक सेवकों के लिए निकाली गयी रिक्तियों के लिए पहली मेधा सूची जारी कर दी गई है। इसमें दो हजार पांच सौ अड़तालीस अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। मेधा सूची डाक विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

---

बेतिया स्थित जीएनएम कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य मनीष कुमार जायसवाल को शराब पीकर छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

---

मादक पदार्थ के खिलाफ पटना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर एक सौ छिहत्तर लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान गांजा, ब्राउन शुगर और स्मैक समेत भारी मात्रा में शराब बरामद की गई।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के नौतन थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवराजपुर गांव में शराब तस्करों ने उत्पाद विभाग की टीम पर हमला कर जब्त एक सौ पचास कार्टन शराब लूट ली। तस्करों के हमले में एक दारोगा समेत छह जवान घायल हो गए।

---

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

दानापुर की विशेष उत्पाद अदालत ने शराब तस्करी के दोषी मदन राम को पांच वर्ष कारावास और एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

सुपौल के निर्मली में बिहुल नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है – अलकायदा के आतंकी मॉड्यूल का खुलासा, सरगना रांची का।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – सीबीआई ने सौंपी कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में स्थिति रिपोर्ट। एफआईआर चौदह घंटे बाद करने पर सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को घेरा।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस साथ लड़ेंगी जम्मू कश्मीर चुनाव। दस सीटों पर फंसा पेंच।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – ई–पिंडदान का पैकेज लांच, देने पड़ेंग तेईस हजार रूपये।

**राष्ट्रीय सहारा** की सुर्खी है – सूबे में अलग–अलग हादसों में सोलह लोगों की मौत। **आज** अखबार लिखता है – श्याम रजक ने राजद से दिया इस्तीफा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. देश भर में आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी।

02. उच्चतम न्यायालय ने दूसरे न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू नहीं करने पर नाराजगी जताई। बिहार समेत अठारह राज्यों के मुख्य सचिवों को अगली सुनवाई में पेश होने का दिया आदेश।

03. साइबर अपराधियों ने गया शहर के एक चिकित्सक से चार करोड़ चालीस लाख रूपये ठगे। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन।

04. और, मौसम विभाग ने आज कैमूर, पूर्वी चम्पारण, बांका और पूर्णियां समेत आस–पास के ग्यारह जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।